Rajasthan Patrika

Essar oil creates 20,000 Jobs by opening 1900 Petrol Pump

नई दिल्ली

एस्सार ऑयल ग्रुप 1900 नए पेट्रोल पंप खोलने जा रहा है। एस्सार ऑयल का लक्ष्य 2017 तक पेट्रोल पंप 4300 करने की योजना है। इसके बाद 5000 किए जाएंगे। इस समय ग्रुप के पेट्रोल पंप्स की संख्या 2400 है।

एस्सार के सीईओ ललित कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि तेल कीमतों को नियंत्रण किए जाने से हमें बहुत अच्छा अवसर मिला है। कंपनी इस योजना पर 2100 करोड़ रु. निवेश करेगी। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इसके लिए कंपनी ने लोगों से आवेदन मांगे हैं। कंपनी ने दावा किया है कि वह बिल्कुल निष्पक्ष तरीके से पेट्रोल पंप आवंटित करेगी।

कम्पनी ने उम्मीद जताई है कि 2 से 3 साल में कम्पनी की सेल्स 1 करोड़ किलोलीटर हो जाएगी। एस्सार की मौजूदा सेल्स 25 लाख किलोलीटर है। एस्सार ऑयल के ज्यादातर पेट्रोल पंप टियर 2 और टियर 3 शहरों में है। ये पंप हाईवेज के आसपास खोले जाएंगे। कम्पनी इस योजना पर 2100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। वहीं नए पेट्रोल पंप खुलने से करीब 20,000 नई नौकरियां पैदा होने का अनुमान है।

एस्सार ग्रुप का पेट्रोल पंप लेने के लिए आपको www.essaroil.co.in पर लॉगइन कर आवेदन फॉर्म डाऊनलोड कर सकते हैं। पट्रोल पंप के लिए आवेदन करने की पहली शर्त यह है कि आपके पास 800 वर्गमीटर का प्लॉट होना चाहिए। हाईवे पर पेट्रोल पंप खोलने के लिए 1200 वर्गमीटर की जगह होनी चाहिए।

आवेदन प्रक्रिया के बाद कंपनी आपके बताए गए स्थान का निरीक्षण करेगी और अगर आपकी जमीन कंपनी के नियमों को पूरा करती है तो आपको एक महीने के भीतर आपको डीलरशिप अलॉट कर दिया जाएगा। सेटअप करने में कंपनी इंजीनियरिंग और टेक्निकल सपोर्ट करेगी। कर्मचारियों को ट्रेनिंग मुहैया कराएगी। समय-समय पर स्कीम देगी।